आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 31.03.2025 समय : 18.30 पीएम

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा– राजस्थान को सर्वश्रेष्ठ निवेश स्थल बनाने के लिए दूरगामी निर्णय लिये जा रहे हैं
- देशभर में आज ईद–उल–फितर का त्योहार धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा हैं
- लोकपर्व गणगौर का त्यौहार प्रदेशभर में पारम्परिक श्रद्धाभाव से मनाया जा रहा हैं
- राज्य के सरकारी अस्पतालों में कल से ओपीडी के समय में बदलाव–सुबह 8 से 2 बजे तक संचालित होगी आउट डोर सेवां

000

राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत आज जयपुर में राज्य स्तरीय निवेश उत्सव राईजिंग राजस्थान इम्पेक्ट 1.0 का आयोजन किया गयां उत्सव को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि आज का निवेश उत्सव एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन इम्पैक्ट 1.0 पर केन्द्रित है जो राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत किये गये एमओयू को धरातल पर उतारने के हमारे प्रयासों को दर्शाता हैं उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इन निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए हर विभाग और जिले में डेडिकेटेड टीम बनाई है, जो इन एमओयू की सक्रिय रूप से निगरानी कर रही हैं श्री शर्मा ने कहा इन प्रयासों का ही परिणाम है कि राइजिंग राजस्थान के तहत हुए एमओयू में से 3 लाख करोड़ रूपये की परियोजनाओं की ग्राउंड ब्रेकिंग हो रही हैं उन्होंने कहा कि ये उत्सव राज्य के आर्थिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगां

....................

उत्सव के दौरान मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि 30 अप्रैल तक एमओयू करने वाले निवेशकों के लिए 15 मई तक विशेष पोर्टल के माध्यम से भू–आवंटन की सुविधा दी जाएगीं साथ ही उन्होंने राजस्थान फाउण्डेशन के 14 नए चैप्टर खोलने की भी घोषणा कीं मुख्यमंत्री ने कहा कि हम पांच वर्षों में सरकारी क्षेत्र में 4 लाख और निजी क्षेत्र में 6 लाख रोजगार के अवसर भी सृजित करेंगें उन्होंने कहा कि इस वर्ष 11 और 12 दिसम्बर को दो दिवसीय राइजिंग राजस्थान पार्टनशिप कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगां  कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन इन्वेस्टर इंटरफेस का मोबाइल ऐप भी लॉन्च कियां

उत्सव को सम्बोधित करते हुए उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए निरन्तर निर्णय ले रही है जिससे वर्ष 2047 तक विकसित राजस्थान के संकल्प को पूरा किया जा सकें

...................

प्रदेश के विभिन्न जिलों से कलेक्टर और विभिन्न विभागों के अधिकारी भी राज्य स्तरीय निवेश उत्सव से वर्चुअल माध्यम से जुड़ें

000

ईद–उल–फितर आज देशभर में पारम्परिक उत्साह से मनाई जा रही हैं इस मौके पर ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गईं राष्ट्रपति और उप–राष्ट्रपति ने ईद की शुभकामनाएं दी हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी ईद–उल–फितर पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में उम्मीद जताई कि यह त्योहार समाज में आशा, सद्भाव और दयालुता की भावना को बढ़ाएगां उन्होंने सभी के प्रयासों में खुशी और सफलता की कामना कीं

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने ईद–उल–फितर के मौके पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं इधर राजधानी जयपुर समेत प्रदेशभर में ईद की विशेष नमाज के मौके बडी संख्या में अकीदतमंद जुटें इसके लिए मस्जिदों में आकर्षक रोशनी और सजावट की गई हैं ईद को लेकर बाजार भी गुलजार रहें लोग देर रात तक ईद की खरीदारी करते हुए नजर आयें आज घर–घर में खीर और सेवईयां बनाई गई हैं जोधपुर में जालोरी गेट स्थित बड़ी ईदगाह में हजारों लोगों ने नमाज अदा कीं नमाज के बाद लोगों ने गले मिलकर एक–दूसरे को बधाई दीं अजमेर में मुख्य नमाज केसरगंज ईदगाह में हुई ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह की शाहजहानी मस्जिद में भी नमाज अदा की गई इस मौके पर दरगाह का जन्नती दरवाजा खोला गया, जहां जायरीन ने जियारत कर दुआएं मांगीं झालावाड़, सीकर, बाडमेर, बारां, चूरू, बांसवाड़ा, डूंगरपुर और पाली में भी ईद–उल–फितर अकीदत और एहतराम से मनायी जा रही हैं

......................

प्रदेशभर में आज पारम्परिक श्रद्धा भाव से गणगौर का पर्व मनाया जा रहा हैं होली से शुरू हुआ ईसर गणगौर के पूजन का सिलसिला आज सम्पन्न हुआं पूजा के बाद तालाब, सरोवरों और बावड़ियों में मंगल गीतों के साथ गणगौर प्रतिमाओं का विसर्जन किया गयां सुख और सौभाग्य से जुड़े इस लोकपर्व पर राजधानी जयपुर में आज गणगौर की पारंपरिक शाही सवारी निकाली जा रही हैं उधर उदयपुर में गणगौर फेस्टिवल मनाया जा रहा हैं यह उत्सव तीन दिन तक चलेगां गणगौर घाट पर ईसर–पार्वती की पूजा–अर्चना की जा रही हैं शाम को घंटाघर से गणगौर घाट तक गणगौर की सवारी निकाली जाएगीं इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगें जोधपुर में भी गणगौर का त्यौहार धूमधाम से मनाया जा रहा हैं पोकरण में आज गणगौर पर्व पर मेला भर रहा हैं झालावाड़ में भी गणगौर का पर्व पारम्परिक उत्साह से मनाया गयां पाली जिले के बाली में गणगौर मेले का आयोजन किया जा रहा हैं दौसा में नगर परिषद की ओर से गणगौर की सवारी निकाली गई जो शहर के मुख्य मार्गों से होकर निकलीं

राज्य के भरतपुर, बाडमेर, बारां, चूरू, सवाईमाधोपुर और हनुमानगढ जिलों में भी गणगौर का पर्व पारम्परिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा हैं

000

राज्य में विभिन्न स्थानों पर नवरात्र के दौरान मन्दिरों और घरों में पूजा–आराधना का दौर जारी हैं वहीं कई स्थानों पर धार्मिक मेलों का आयोजन भी किया जा रहा हैं जैसलमेर के रामदेवरा में आज चैत्र माह के शुक्ल पक्ष के दूज के अवसर पर बाबा रामदेव की समाधि के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ हैं सुबह से ही बाबा रामदेव समाधि स्थल के प्रवेश द्वार खोल दिए गए थें समाधि पर पंचामृत से विशेष अभिषेक किया गयां

000

प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में आउटडोर का समय कल से बदल जाएगां जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल और उससे सम्बद्ध अस्पतालों सहित सभी जिला अस्पतालों, उपजिला अस्पतालों, सैटेलाइट अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में अब सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक ओपीडी सेवाएं संचालित होगीं वर्तमान में सर्दियों के कारण ओपीडी का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक था, जिसे गर्मी के मद्देनजर बदला गया हैं स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों के स्वास्थ्य अधिकारियों को मरीजों को गर्मी से राहत देने के लिए पर्याप्त प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं अस्पतालों में ओपीडी और आईपीडी वार्डों में कूलर, पंखे, एसी और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा हैं

000

प्रदेश में उत्तरी हवाओं के असर से सुबह–शाम हल्की ठंड का अहसास बना हुआ हैं मौसम विभाग के अनुसार कल तक उत्तरी हवाओं का असर रहेगा और तापमान सामान्य से कम रहेगां विभाग के अनुसार राज्य के दक्षिण–पूर्वी भागों में आज से 3 अप्रैल तक बादल छाए रहने और जयपुर, अजमेर, उदयपुर और कोटा संभागों में कहीं–कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश होने का पूर्वानुमान हैं 3 से 4 अप्रैल को दक्षिण–पश्चिम राजस्थान में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की बढोतरी होने की संभावना हैं

000

भारतीय वायुसेना आज से ग्रीस में शुरू हो रहे बहुराष्ट्रीय वायु अभ्यास इनीयोकॉस–25 में भागीदारी करेगीं बारह दिन चलने वाले इस अभ्यास की मेजबानी ग्रीस की हेलेनिक वायु सेना कर रही हैं यह अभ्यास एलिस के ऐतिहासिक क्षेत्र एंड्राविडा एयर बेस पर आयोजित किया जाएगां अभ्यास 11 अप्रैल तक चलेगां भारतीय वायु सेना के विमानों में युद्धक विमान–आईएल–78 और सी–17 विमान के साथ एसयू–30 एमकेआई युद्धक विमान शामिल हैं इस अभ्यास से भारतीय वायु सेना की परिचालन गत क्षमताओं को सशक्त बनाने, परस्पर जानकारी और भागीदार देशों में व्यापक समन्वय को भी बढ़ावा मिलेगां

000

पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास आज सुबह उदयपुर में नवरात्रि की पूजा के दौरान साड़ी में आग लगने से झुलस गईं इस पर उन्हें स्थानीय अस्पताल में ले जाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अहमदाबाद रैफर किया गया हैं जानकारी के अनुसार वे अपने आवास पर सुबह नवरात्रि पूजा कर रही थी इस दौरान उनकी साड़ी में आग लगने ये हादसा हुआं

000